Title: Regarding need for early construction of a bye-pass at Ranchi, proposed capital of Jharkhand-Laid.

श्री राम टहल चौधरी (रांची): मैं सरकार का ध्यान रांची जिले में बाई पास न होने के कारण होने वाली दिक्कतों की ओर दिलाना चाहता हूं। रांची झारखण्ड राज्य की प्रस्तावित राजधानी है और रांची में 15 लाख के लगभग आबादी है और आये दिन शहर में यातायात रूक जाता है, जिससे एक तरफ तो लोगों को काफी असुविधा होती है और लोगों को अपने गंतव्य स्थान पर पहुंचने में काफी देरी लगती है और पेट्रोल पदार्थ की बेकार में खपत होती है तथा आये दिन दुर्घटना होती है। जबकि छोटे-छोटे कस्बों में बाईपास सड़क की व्यवस्था है।

झारखण्ड की राजधानी और 15 लाख की आबादी के बाद अभी तक रांची में बाईपास की व्यवस्था नहीं हो पायी है। मैं केन्द्र सरकार से अनुरोध करना चाहूंगा कि रांची शहर में बाई पास का निर्माण जनहित में अविलंब करवाया जाये।

* Treated as laid on the Table of the House.